पत्र सूचना शाखा
सूचना एव जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने राजभवन में नवनिर्मित "पंचतंत्र वन" का किया लोकार्पण

लखनऊ : 31 जुलाई, 2021

राजभवन मे नवनिर्मित "पंचतंत्र वन" का लोकार्पण आज राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों, राजभवन परिसर मे अधिवासित परिवारों एवं बच्चों की स्नेहमयी उपस्थिति में मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कर-कमलों द्वारा किया गया। "पंचतंत्र वन" में पंडित विष्णुकांत रचित पंचतंत्र की कहानियों के माध्यम से वन्यजीवों के परस्पर साहचर्य, समरसता ,सहजीवन एवं साहसिक विकास की जीवन पद्धति एवं पर्यावरण, जिनका मानव जीवन से सीधा संबंध है, का अनोखा प्रदर्शन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 'पंचतंत्र वन' का निर्माण यू0पी0 सिडको द्वारा किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, वन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज सिंह, यू0पी0 सिडको के प्रबंध निदेशक श्री शिव प्रसाद, मुख्य वन संरक्षक श्री आर0के0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता सिडको श्री रवि शंकर प्रसाद तथा अधिशाषी अभियन्ता श्री चन्द्रशेखर निरंजन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

राजभवन(274/17)

PANCHTANTRA VAN
।। पंचतन्त्र वन ।।
लोकार्पण
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, द्वारा
श्री महेश कुमार गुप्ता
अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल